इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, मंगलवार, 17 फरवरी 2026

"मनुष्य अपनी सबसे अच्छे रूप में सभी जीवों में सबसे उदार होता है, लेकिन यदि क़ानून और न्याय न हों तो वो सबसे खराब बन जाता है।"
- अरस्तु

वर्ष 18 अंक 167 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 28.9°C (+2.1) न्यूनतम 12.6°C(+1.3) सेंसेक्स 83,277.15 (+650.39) निफ्टी 25,682.75 (+211.65) सोना 1,56,590 चांदी 2,68,000 मुद्रा - डालर 90.74 दिरहम 24.70 रियाल 24.19

एआई महाकुंभ में एरा ने भी दर्ज करायी अपनी उपस्थिति

65 से अधिक देश करेंगे अपनी तकनीक का प्रदर्शन

लखनऊ (ब्यूरो)। दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इमपैक्ट समित में लखनऊ के एरा विश्वविद्यालय ने भी उपस्थिति दर्ज करायी है। इस समितट में एरा विश्वविद्यालय ने अपने स्टाल के माध्यम से आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित अपने नवाचार और तकनीक से दुनिया को आगवत कराया है। सेमवार को पहले दिन देश विदेश से आये कई महानुभावों से एरा के स्टाल का दौरा किया तथा उसकी तकनीक की सराहना की। एरा विश्वविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक जॉ अली खान ने बयाया कि इस समित के पहले दिन देश-विदेश के कई चिकित्सा संस्थानों से तनकी और शोध कार्य साझा करने पर सहमति बनी है, जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। एरा विश्वविद्यालय की चिकित्सा शिक्षा और हेल्थ केयर पर आधारित एआई बेस तकनीक को कई संस्थानों से सराहा है और उसे अपने संस्थान में लागू करने में रुचि दिखायी है।

इंडिया एआई इमपैक्ट एक्सपो का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को किया। यह समिट 20 फरवरी तक चलेगा। पीएम मोदी 19 फरवरी को एआई समिट का उद्घाटन करेंगे। इस समिट में समिट करीब 65 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और बड़ी-बड़ी एआई कंपनियां शामिल हो रही है। देश विदेश के शिक्षण संस्थान भी अपनी-अपनी तकनीक का प्रदर्शन कर रहे हैं।